# नोएडा के 30 हजार बायर्स की हो सकती है रजिस्ट्री

## प्राधिकरण की शर्त, बिल्डर एनसीएलटी और कोर्ट से वापस लें केस

नोएडा। नोएडा के 30 हजार से ज्यादा बायर्स को मालिकाना हक मिल सकता है। यदि बिल्डर प्राधिकरण की योजना का लाभ लेते है। दरअसल प्राधिकरण ने 13 बिल्डर को नोटिस जारी किए है। ये वो बिल्डर है जिनके मामले एनसीएलटी में चल रहे है। प्राधिकरण की शर्त है यदि बिल्डर एनसीएलटी और कोर्ट से केस वापस ले तो उनके बकाया का रि-शेड्यूल किया जा सकता है। ये रि-शेड्यूलमेंट अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत किया जाएगा। इससे बायर्स की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो जाएगा।




वर्तमान में 17 प्रोजेक्ट एनसीएलटी में है। इसमें 25 से 30 हजार फ्लैट बायर्स है। जिनके पास कोर्ट के फैसले के इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यही नहीं स्पोर्ट्स सिटी पर भी नियम लागू नहीं है। यहां करीब 15 हजार फ्लैट बायर्स है। से सभी बायर्स सेक्टर-78,79,150, 152 के है। इस योजना में बिल्डर जब तक यहां खेल सुविधाओं का विकास नहीं कर लेते तब तक उनको ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा।

एनसीएलटी और कोर्ट केस में शामिल बिल्डरों पर 21 हजार करोड़ के आसपास बकाया है। इसमें पहले फेज में 8 हजार करोड़ रुपए के बकायादार बिल्डर को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें तीन बिल्डर एटीएस, सुपरटेक और लॉजिक्स पर ही 7786 करोड़ का बकाया है।

### पहले फेज में 13 बिल्डरों को नोटिस

नोएडा प्राधिकरण ने 13 रियल एस्टेट डेवलपर्स को 8,510.69 करोड़ रुपए से अधिक के बकाये के लिए नोटिस जारी किया है। इनको 15 दिन के अंदर प्राधिकरण को जवाब देना होगा। आप सभी लाभान्वित हो सकती हैं, यदि एनसीएलटी और कोर्ट से अपने मामले वापस लेते हैं।

### अमिताभ कांत की सिफारिश इनको मिला

नोएडा में 57 बिल्डर प्रोजेक्ट में से 45 ने सहमति दी। 12 बिल्डर प्रोजेक्ट न तो बैठक में आए और न सहमति दी। आकड़ो को देखे तो नोएडा में 57 में से 22 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 180.77 करोड़ जमा करा दी है। इन 22 बिल्डरों से नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ मिलेगा। 18 ऐसे बिल्डर है जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के लिए सहमति दी है।

अमिताभ कांत की सिफारिश के बाद करीब 800 से ज्यादा बायर्स की रजिस्ट्री हो चुकी है।

# नोएडा में बिजली कटौती पर जेई निलंबित

## लगातार 10 घंटे सप्लाई ठप थी, इसके बाद उपकेंद्र में आ गई दिक्कत

नोएडा। नो पावर कट जोन नोएडा में काम में लापरवाही और निर्बाध बिजली आपूर्ति न होने पर विद्युत निगम ने जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया। इसके अलावा मामले की जांच करने के लिए कमेटी का भी गठन कर दिया।

डिवीजन प्रथम के सेक्टर-52 एसडीओ दफ्तर के तहत सेवन एक्स की सोसाइटी और सेक्टर की सप्लाई व्यवस्था को जेई प्रदीप कुमार देखते हैं। जेई प्रदीप कुमार की देखरेख में ही सेक्टर-72 और 79 बिजली उप केंद्र भी आते हैं।

कुछ दिनों पहले सेक्टर-71 की बिजली लाइन में रात के साढ़े तीन बजे फॉल्ट हो गया। इससे पूरे सेक्टर की सप्लाई बाधित हो गई। दूसरे दिन दोपहर तक सप्लाई सामान्य हुई। फिर सेक्टर-52 बिजली उप केंद्र पर दिक्कतें आ गई। इस वजह से फिर सेक्टर-71 की आपूर्ति बाधित हो गई। सेक्टर-71 की आपूर्ति करीब 10 से 12 घंटे बाधित रही। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार वैश्य ने कार्य में लापरवाही बरतने पर जेई प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया।

## रकम दो गुना कराने के चक्कर में गंवाए 2.75 लाख

नोएडा। साइबर जालसाजों ने बिटकॉइन में निवेश कराने का झांसा देकर इंजीनियर से 2.75 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने बिटकॉइन में निवेश के जरिये रकम दो गुना कराने की बात कही थी। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सेक्टर-62 स्थित आईटी कंपनी में काम करने वाले इंजीनियर आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर जालसाजों ने कुछ दिन पहले उनसें व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया था। उन्होंने बिटकॉइन में निवेश करने पर रकम दो गुना होने का झांसा दिया और एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। इसके बाद शुरुआती दौर में कुछ रकम जमा जमा कराई और वापस दे दी गई।

# नोएडा में रविवार दोपहर बाद हल्की बारिश

नोएडा। नोएडा में भीषण गर्मी के बीच दोपहर बाद हल्की बारिश ने मौसम को बदल दिया। बादल छाने से लोगों को उमस और तेज गर्मी से राहत मिली है। वहीं तापमान भी 36 डिग्री तक पहुंच गया।

वातावरण में नमी की मात्रा 55 प्रतिशत रिकार्ड की गई। ये प्री मानसून की बारिश हो सकती है। हालांकि पूरी तरह से मानसून आने में चार दिन का समय लग सकता है। इस बीच मौसम साफ और हलके बादल छाने की उम्मीद है।

आईएमडी के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। वहीं 25 जून को हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक जाएगा। इसके बाद मौसम में बदलाव आएगा। 26 जून कही दोपहर और शाम को काले बादल छाएंगे।

जिससे आंधी तूफ़ान के साथ बारिश के आसार है। इसके बाद 27 जून को लगातार बारिश होगी। साथ ही बादल छाने और धूप निकलने की संभावना है। इस दौरान तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहेगा।

वहीं रविवार दोपहर को बारिश के बाद लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। लेकिन उमस से उनका बुरा हाल है। कयास लगाए जा रहे है जितनी ज्यादा उमस होगी उतनी जल्दी बारिश होगी।

# शार्ट न्यूज

## दुष्कर्म का विरोध करने पर किशोरी को मारी गोली

दनकौर। कोतवाली क्षेत्र के गांव में शनिवार रात एक 15 वर्षीय किशोरी को युवक ने गोली मार दी। गोली किशोरी के चेहरे पर लगी। पीड़िता के पिता का आरोप है कि पड़ोस का युवक उनकी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था। मौके पर पहुंचकर जब उन्होने विरोध किया तो आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। गंभीर रूप से घायल किशोरी को ग्रेनो के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल जांच की जा रही है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि शानिवार शाम उनकी 15 साल की बेटी घर पर अकेली थी। देर रात जब वह घर लौटे तो बेटी वहां नहीं थी। तलाश करने के दौरान उन्हें बेटी की चीख सुनाई दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो पड़ोस में रहने वाला युवक बेटी से दुष्कर्म कर रहा था। पिता ने विरोध किया तो आरोपी ने गोली चला दी। गोली किशोरी के चेहरे पर लगी। आरोपी युवक मौके से भाग गया। वहीं दनकौर कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। किशोरी गोली लगने से घायल हुई है। शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों को ठगने वाले गिरोह के सरगना समेत दो गिरफ्तार

नोएडा। यूपी समेत अन्य प्रदेशों के बेरोजगार युवकों को एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-63 पुलिस ने सरगना और उसके साथी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह में शामिल एक अन्य महिला अभी भी फरार है। गिरफ्त में आए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चार लैपटॉप और सात मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया है। ठगी से अर्जित सात लाख 61 हजार 486 रुपये की रकम भी पुलिस ने फ्रीज कराई है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि बीते दिनों एक पीड़िता ने ट्रेनिंग कराने के बाद फर्जी सर्टिफिकेट देकर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्यों के बारे में अहम जानकारी साझा की थी। पीड़िता द्वारा बताए गए पते पर पुलिस की टीम ने छापेमारी कर राजस्थान के डीग निवासी भगवंता सिंह और दिल्ली निवासी हर्ष परिहार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की साथी श्वेता मिश्रा अभी भी फरार है। बीए,एलएलबी भगवंता सिंह गिरोह का सरगना है। वहीं हर्ष परिहार ऑफिस में बैठकर सिर्फ कॉल करता था। श्वेता मिश्रा कंपनी में सीईओ के पद पर कार्यरत हैं।

## पिता की डांट से नाराज बच्चा हुआ लापता

नोएडा। सेक्टर पांच हरौला में रहने वाला एक दस वर्षीय बच्चा पिता की डांट से नाराज होकर घर से कहीं चला गया। इसको लेकर परिजनों ने फेज वन थाने में शिकायत दी है। मोहम्मद आरिफ ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ हरौला में रहते हैं। उनका दस वर्षीय बेटा उनके डांटने से नाराज होकर सात जून को घर से कहीं चला गया। काफी तलाश पर भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। शिकायतकर्ता ने पुलिस को अनहोनी की आशंका जाहिर की है।युवती घर से लाखों का समान लेकर फरारनोएडा। सेक्टर 110 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली युवती एक युवक के बहकावे में आकर घर से लाखों रुपये कैश और ज्वैलरी लेकर फरार हो गई। परिजनों ने फेज दो थाने में केस दर्ज कराया है। विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी 24 वर्षीय बेटी को नवीन नाम का एक युवक बहलाफुसला कर अपने साथ लेकर गया है। आरोपी युवक उनकी बेटी को अलग-अलग बातें बताकर काफी समय से रुपये मांगता था। आरोपी के बहकावे में आकर उनकी बेटी 21 जून को घर से करीब 25 लाख रुपये कीमत की ज्वैलरी और 10 से 12 लाख रुपये कैश लेकर उसके साथ चली गई है। उनके पास नवीन के आए एक मैसेज से घटना की जानकारी हुई।

## बच्ची और बच्चे को कुत्ते ने काटा

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-एक में रविवार सुबह परिवार के साथ घूमने जा रही 12 वर्षीय काव्या के पैर में कुत्ते ने काट लिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में मौजूद परिवार के सदस्यों ने उसे बचाया। घर के पास निजी अस्पताल में किशोरी का उपचार हुआ। निवासियों ने नगर निगम से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष जुगल किशोर ने बताया कि शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-एक में कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। रविवार सुबह काव्या अपने परिवार के साथ घूमने जा रही थी। घर के पास अपने चारपहिया वाहन के पास खड़ी थी। तभी दूसरी तरफ से एक झुंड में पांच कुत्ते पहुंचे। इनमें से एक कुत्ते ने काव्या पर पैर में काट लिया अन्य कुत्ते झुंड में भौंक रहे थे। उसके चिल्लाने पर परिवार के सदस्यों ने उसे बचाया। किशोरी का इलाज नजदीक निजी अस्पताल में कराया गया। वहीं, वसुंधरा सेक्टर-13 निवासी गौरव नंदा ने बताया कि बेटे निहान को स्कूटी से ट्यूशन छोड़ने जा रहा था। बड़ा बेटा पीछे और छोटा बेटा आगे बैठा हुआ था। प्लॉट संख्या-907 के सामने पिटबुल गले में बिना चेन पहने घूम रहा था। उसने अचानक हमला कर काटने की कोशिश की। बचने और बचाने में छोटे बेटे के पैर पर उसने पंजा मार दिया। जबकि उसी समय पास में कुत्ते का मालिक खड़ा था। मगर उसने बचाने की कोई कोशिश नहीं की।

## शिप्रा कृष्णा विस्टा मामले में 28 को सुनवाई



साहिबाबाद। लंबे समय से शिप्रा कृष्णा विस्टा में चल रहे सुविधा शुल्क विवाद मामले में अब 28 जून को डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में सुनवाई होगी। सोसायटी में अपार्टमेंट एक्ट बायलॉज का उल्लंघन करते हुए कुछ लोगों ने सुविधा शुल्क लगाए जाने की शिकायत की थी। विवाद तब और बढ़ गया जब पिछले दिनों सोसायटी में आयोजित आम बैठक में ऐसे फ्लैट धारकों को प्रवेश नहीं करने दिया गया जिन्होंने एओए द्वारा निर्धारित सुविधा शुल्क जमा नहीं किया था। इसकी शिकायत सोसायटी के कुछ लोगों ने डिप्टी रजिस्ट्रार से भी की। अब डिप्टी रजिस्ट्रार ने एओए को पत्र जारी कर इस संबंध में अपने कार्यालय में 28 जून को बैठक कर पूरे मामले में दोनों पक्ष की सुनवाई के आदेश दिए हैं।

# सोसाइटी के बाहर कैब चालक ने छात्रा से की अभद्रता

**एजेंसी**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज वन सोसाइटी के बाहर कैब में बैठाने को लेकर चालक ने छात्रा से अभद्रता की।

छात्रा कोचिंग के कैब का इंतजार कर रही थी। आरोप है कि आरोपी ने छात्रा से कोचिंग कैब नहीं आने की बात कहकर झूठ बोला और अपनी कैब में बैठाने का प्रयास किया। कोचिंग के कैब चालक को फोन करने पर आरोपी डर गया और वहां से भाग गया।

पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही हैं।

निवासियों ने बताया कि सोसाइटी निवासी 17 वर्षीय छात्रा मेडिकल की तैयारी कर रही है। रविवार सुबह गेट नंबर 2 पर वह कोचिंग के कैब का इंतजार कर रही थी। आरोप है कि तभी एक अन्य कैब पहुंची और उसके चालक ने छात्रा से कहा कि उसकी कोचिंग की कैब चली गई है। उसने छात्रा को छोड़ने की बात कहते हुए अपनी कैब में बैठाने की कोशिश की। छात्रा घबरा गई और जवाब नहीं दिया। इसपर चालक ने उसे बैठाने को लेकर अभद्रता की। छात्रा पीछे हट गई और फोन कर कोचिंग के कैब की जानकारी लेने लगी। कोचिंग कैब चालक ने बताया कि वह पहुंचने वाला है।

तभी छात्रा को फ़ोन करता देखकर आरोपी कैब लेकर भाग गया। कोचिंग से वापस आने के बाद छात्रा ने परिजनों को सूचना दी। सोसाइटी के ग्रुप पर भी घटना की जानकारी दी गई।

घटना के बाद निवासियों में सोसाइटी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रोष है। परिजनों ने बिसरख कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

# नोएडा में प्लाट धोखाधड़ी में वांछित आरोपी गिरफ्तार

## गवाह से बातचीत में मिली थी मृत होने की जानकारी, लोकल इंटेलिजेंस से मिली लोकेशन

नोएडा। प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित आरोपी को नोएडा की क्राइम ब्रांच और सीआरटी ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रजनीश शर्मा हुई है। कुछ लोगों के द्वारा आरोपी को मृत बता दिया गया था।

पुलिस ने तलाश जारी रखी। पुलिस को शक था कि रजनीश ने ही अपने को मृत बताने की साजिश रची है। इसे नोएडा के टावर जेकेजी पामकोर्ट के फ्लैट से गिरफ्तार किया गया।

दरअसल, 11 जुलाई 2019 साधना गर्ग ने थाना सेक्टर-49 में प्लाट की धोखाधड़ी के संबंध में एक मुकदमा दर्ज कराया गया। ये मुकदमा योगेश, पप्पू यादव, इश्तियाक, इमरान, रोहित, लाखन सिंह पुत्र प्रताप सिंह पंजीकृत कराया गया था।

इसमें योगेश व एक अन्य व्यक्ति सुनील शर्मा (फर्जी नाम असली नाम इमरान) द्वारा एनआई इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रीन इंडिया प्लेस नियर विशाल मेगा



मार्ट सिक्स फ्लोर पर पीड़िता व उसके पति को बुलाया। दोनों को सेक्टर 78 व 79 में सस्ते में प्लॉट देने की बात कही गई।

### सोशल मीडिया अकाउंट से मिली जानकारी

डीसीपी क्राइम ब्रांच शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि शक होने पर हमारी टीम ने इसकी लोकेशन को ट्रैक किया। इसके बाद सोशल मीडिया अकाउंट ट्रैक किए। जिसमें लेटेस्ट अपडेट मिली। शक और गहरा होने पर मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया। जिसके बाद इसकी लोकेशन मिली।

### 32 लाख रुपए बताई गई जमीन की कीमत

सेक्टर 79 के सिक्का प्रोजेक्ट के पास मेट्रो स्टेशन सेक्टर-101 के पीछे ग्राम सरफाबाद क्षेत्र में खाली जगह दिखाया गया। वहां इन लोगों से पप्पू यादव मिला जिसने बताया कि वो यहां प्लाटिंग करता है। उसने एक फर्जी नक्शा दिखाया। बताया कि पूरी जमीन का जनरल पावर ऑफ अटर्नी इश्तियाक नामक व्यक्ति के पास है। उसी दिन 100 रुपए एग्रीमेंट टू सेल लेटर बनाया गया। जमीन की कीमत 32 लाख रुपए लगाई गई।

### 5-5 लाख के छह चैक दिए और कराई फर्जी रजिस्ट्री

30 मार्च 2019 को 5-5 लाख रुपया के चार चैक शारदा रियल टेक के नाम से दिया व पांच लाख रुपया का एक अन्य चैक एनआई इन्फ्राटेक के नाम से और पांच लाख रुपया का एक चेक रजनीश के नाम से दिया गया।

रजिस्ट्री ऑफिस में जाकर रजिस्ट्री कराई गयी। रजिस्ट्री के बाद जब पीड़िता जमीन पर कब्जा लेने गए तो पता चला कि वह जमीन इनकी नहीं है। मुकदमा कराया गया। इस दौरान बताया गया कि रजनीश शर्मा की मौत हो चुकी है।

### 8 लोगों को पहले हो चुकी गिरफ्तारी

इश्तियाक के पक्ष में लाज पत बबेजा नाम के व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय गाजियाबाद में जांच की गई पता चला कि कथित फर्जी प्लाट का बैनामा पीड़िता साधना गर्ग एवं बेटी को किया गया है। एक अन्य महिला द्वारा भी अपने साथ हुई घटना के संबंध में अलग से मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में पुलिस योगेश कुमार, पप्पू यादव , इश्तियाक , इमरान, रोहित, लाखन सिंह, बिलाल, चंद्रशेखर वर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है।

# नोएडा जीएसटी फर्जीवाड़े में तमिलनाडु से महिला कारोबारी गिरफ्तार

## 25 हजार रुपए का था इनाम, अब तक इस मामले में हो चुकी 46 गिरफ्तारी

नोएडा। 2600 से अधिक फर्जी कंपनी खोलकर भारत सरकार के राजस्व को 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह की एक महिला कारोबारी को नोएडा पुलिस ने तमिलनाडु पुलिस की मदद से तमिलनाडु के कोयम्बटूर से गिरफ्तार किया है। इस महिला कारोबारी पर नोएडा पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। इस मामले में नोएडा पुलिस अब तक ये 48वीं गिरफ्तारी है। खास बात ये है किसी भी आरोपी को अब तक जमानत नहीं मिली है।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जिस महिला कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया उसकी पहचान सुगन्यया प्रभु हुई हैं। इसने भी फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर ठगी की थी। लंबे समय से वांछित होने के कारण इस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के मुताबिक महिला ने कई ऐसी कंपनी और फर्म बनाई जिसका वजूद सिर्फ कागजों पर रहा। धरातल पर वह कंपनी थी ही नहीं। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाई गई कंपनी की बिलिंग की और इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम कर सरकार से करोड़ों रुपए ले लिए।

### 33 आरोपियों पर गैंगस्टर

इसी जीएसटी फर्जीवाड़े में नोएडा पुलिस ने अब तक 33 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। नोएडा पुलिस अब इन आरोपियों की चल और संपत्ति की पहचान कर उसे कुर्क करने की कार्रवाई करेगी। कई



आरोपियों की संपत्ति की पहचान नोएडा पुलिस द्वारा कर भी ली गई है। इस मामले में अब तक कुल 46 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। नोएडा पुलिस के प्रभावी पैरवी के कारण इस मामले में बीते एक साल से किसी भी आरोपी को जमानत नहीं मिल सकी है। कई आरोपियों पर पुलिस ने इनाम भी घोषित किया है।

### कई आरोपियों के विदेश में होने की आशंका

फर्जीवाड़े में शामिल कई आरोपी परिवार समेत विदेश भाग चुके हैं। नोएडा पुलिस को इसकी जानकारी मिली है कि कुछ आरोपियों ने दुबई समेत अन्य जगहों पर अपना ठिकाना बनाया हुआ है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ओपन डेटेड वारंट जारी करने की तैयारी कर रही है। रेड कॉर्नर नोटिस पहले ही जारी किया जा चुका है। ओपन डेटेड वारंट जारी होने के बाद या तो नोएडा पुलिस विदेश जाकर आरोपी की गिरफ्तारी करेगी या फिर इंटर पोल की मदद से वांछित आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

### ऐसे करते थे ठगी

आरोपी देश के विभिन्न जगहों पर रहने वाले लाखों लोगों के पैन कार्ड और आधार कार्ड का डेटा हासिल करके उसके आधार पर फर्जी कंपनी खोलते थे। इन कंपनियों और फ़र्मो का अस्तित्व सिर्फ कागजों पर होता था। इसके बाद जीएसटी नंबर लेकर फर्जी बिल बनाकर जीएसटी रिफंड प्राप्त कर सरकार को करोड़ों का चूना लगाते थे। जांच में यह पता चला है कि जालसाज़ फर्जी कंपनियों को जीएसटी नंबर के साथ ऑन डिमांड बेच देते थे।

इन कंपनियों के नाम पर पैसे जमा कर काले धन को सफेद किया जा रहा था। गिरोह में शामिल इनामी समेत कई अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

फरार आरोपियों की तलाश में नोएडा पुलिस की चार टीमें दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत अन्य संभावित ठिकाने पर दबिश दे रही हैं। कई आरोपियों की चल और अचल संपत्ति को कुर्क भी किया जा चुका है।

# एल्विश यादव को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका

**एजेंसी**

नोएडा। रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के आरोपों से घिरे यूट्यूबर एल्विश यादव को शनिवार देररात दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोक लिया गया। सुरक्षाकर्मियों ने नोएडा पुलिस का वांछित बताते हुए एल्विश यादव को थाइलैंड जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद यूटयूबर एल्विश यादव ने डीसीपी नोएडा से देर रात मोबाइल पर बात की और पूरा वाकया बताया। नोएडा पुलिस द्वारा एयरपोर्ट



पर तैनात पुलिसकर्मियों को बताया गया कि एल्विश इस समय जमानत पर बाहर है और नोएडा पुलिस का हाल फिलहाल वांछित नहीं है। इसके बाद एल्विश को विदेश जाने की अनुमति संबंधित विभाग द्वारा दी गई। पांच सपेरों और एल्विश यादव के खिलाफ बीते साल नवंबर में सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज हुआ था। केस पीपल्स फॉर ऐनिमल संस्था के सदस्य की ओर से दर्ज कराया गया था। उस समय पांच सपेरों की मौके से ही गिरफ्तारी हो गई थी जबकि एल्विश को कई माह बाद गिरफ्तार किया गया था। सपेरों के पास से पुलिस ने कोबरा समेत नौ सांप और बीस एमएल जहर भी बरामद किया था। इस मामले में एल्विश कई दिन तक जेल में रहा था। उसके साथी विनय और ईश्वर की भी गिरफ्तारी पुलिस ने इसी मामले में की थी। अब सभी आरोपी जमानत पर बाहर हैं।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास आम लोगों को मिलेंगे सस्ते प्लाट

## 6000 सस्ते प्लाट की योजना प्रस्तावित, केवल 7.77 लाख में होगा आवंटन

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अब आप आशियाना बना सकते है।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जल्द ही एक प्लॉट स्कीम लाने जा रहा है। जिसमें करीब 6 हजार प्लॉट्स को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस स्कीम का खाका तैयार किया जा रहा है।

### 30 वर्ग मीटर का हो सकता है भूखंड

यीडा के सीईओ अरुण वीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण तेजी से इस योजना की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण के द्वारा सेक्टर 16, 17, 18, 20 व 22डी में 60 वर्ग मीटर से 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के लगभग 28,900 प्लाट का आवंटन किया गया। जिसमें इनफॉर्मल सेक्टर के लिए चिह्नित भूमि पर 30 वर्ग मीटर के प्लाट की योजना लाई जानी प्रस्तावित है। प्राधिकरण की ओर से कोशिश की जा रही है कि छोटे प्लाट आम आदमी की पहुंच में हों।

30 वर्ग मीटर के एक भूखंड का कुल प्रीमियम वर्तमान आवंटन दर पर 25,900 रुपए प्रति वर्ग मीटर के अनुसार 7 लाख 77 हजार रुपए होगा। यमुना एक्सप्रेसवे दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ के बीच स्थित है। यह फरीदाबाद से भी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इसलिए यह स्कीम बहुत महत्वपूर्ण मानी जा




रही है।

### यीडा क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मियों को मिलेगा आरक्षण

इस योजना में आरक्षण का भी प्राविधान किया जाना प्रस्तावित है। इसमें सर्वाधिक 25 प्रतिशत आरक्षण उन वर्कर्स को दिया जाएगा जो यीडा द्वारा आवंटित कार्यरत औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे हैं।

इसके साथ ही 5 प्रतिशत आरक्षण यीडा द्वारा आवंटित कार्यरत संस्थानों के कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 5 प्रतिशत एक्स सर्विस मैन को, 5 प्रतिशत वॉर विडो, 5 प्रतिशत एससी-एसटी को, 4 प्रतिशत दिव्यांगों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। शेष 51 प्रतिशत जनरल आवेदक को भूखंड आवंटित किया जाएगा।

### योग्य आवेदक ही कर सकेंगे आवेदन

आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए।

उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

एक व्यक्ति एक ही आवेदन कर सकेगा।

किसी भी स्कीम में प्लॉट या फ्लैट पाने वालों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदक की आय तीन लाख रुपए से प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाणपत्र भी आवेदन के साथ अटैच होना चाहिए।

प्रदेश सरकार द्वारा निवास प्रमाण पत्र भी होना चाहिए।

सफल आवेदक और आवंटी 10 वर्ष तक आवंटित प्लॉट को ट्रांसफर नहीं कर सकेंगे।

आवंटन के 60 दिनों के अंदर आवेदकों को रजिस्ट्रेशन फीस समेत टोटल प्रीमियम की 30 प्रतिशत राशि और जीएसटी (यदि देय हो तो) जमा करानी होगी। शेष 70 प्रतिशत राशि दस समान किस्तों में 10 प्रतिशत ब्याज पर चुकानी होगी।

# गोरखपुर में 2 बच्चियों की रात में सोते समय मौत

## 3 बच्चियां साथ सोई थीं, तीसरी की हालत नाजुक; लोटे में जहर की डिब्बी मिली



गोरखपुर। गोरखपुर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शनिवार रात में तीन बच्चियां एक साथ सोईं। सुबह इनमें से दो बच्चियों की मौत हो चुकी थी। जबकि, तीसरी बच्ची की हालत नाजुक है। उसे इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

आशंका जताई जा रही है कि तीनों बच्चियों ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया होगा। घटना बांसगांव इलाके के बैदौली बाबू गांव में रविवार सुबह की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चियों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस को मौके से एक लोटे में जहरीले पदार्थ की खाली डिब्बी मिली है। फोरेंसिक टीम इसे सील कर अपने साथ ले गई है।

### मौसी के घर रहती थीं तीनों बच्चियां

बैदौली बाबू गांव में रोहित जायसवाल का घर है। वो अपने पत्नी के साथ बेंगलुरु में रहते हैं। इनके तीन बच्चियां, पलक (6), रीति (12) और अप्सरा (14) अपनी मौसी के यहां रहती थीं। दो दिन पहले तीनों बच्चियां गांव में आई थीं और एक दो दिन में पिता रोहित भी आने वाले थे।

### 3 दिन पहले पिता ने बुलवाया था घर

गांव वालों ने बताया कि पिता ने बच्चियों को अपने साथ बेंगलुरु ले जाने का बोलकर घर बुलवाया था। गांव में ही दूसरी जगह बच्चियों के बाबा और दादी भी रहते हैं। गांव वालों के मुताबिक, रात में बच्चियां खाना खाकर सोने चली गईं।

### घर में थे सिर्फ दादा-दादी

सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच बड़ी बेटी अप्सरा (14) अपने दादा के पास आई और बहनों के नहीं उठने की बात कही। जाकर देखा तो एक बहन रीति (12) की मौत हो चुकी थी। इसी बीच पलक (6) की भी अचानक तबीयत बिगड़ने लगी और उसे गांव वाले इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई।

### जांच में जुटी पुलिस

अप्सरा ने घर पर ही उल्टी कर दी थी। हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने उसकी हालत सुधार ली। बताया जा रहा है कि वो अभी खतरे से बाहर है। लेकिन, कम उम्र होने की वजह से बेहतर इलाज किया जा रहा। डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है। मौके पर एसपी साउथ और बांसगांव थाने की पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी जांच कर रही है।

## आजमगढ़ में बाइक-ट्रैक्टर की टक्कर, 2 की मौत

आजमगढ। आजमगढ़ में रविवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के साइड लेन पर बाइक और ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। एक अन्य बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। ग्राम मोजरापुर निवासी दीपक (20) पुत्र जयप्रकाश, विजय कुमार ( 21) पुत्र सुबेदार एक मोटरसाइकिल से और शुभम (22) पुत्र जयराम दूसरी मोटरसाइकिल पर अकेले था। तीनों साथ घर से सठियांव जा रहे थे। सठियांव पहुंचने से पहले बम्हौर गांव पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। जिससे एक मोटरसाइकिल पर सवार दीपक व विजय कुमार की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल सवार अकेला शुभम घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर एसपी सीटी शैलेन्द्र लाल भी पुलिस दल बल के साथ पहुंचे। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल सदर भर्ती करवाया। जहां घायल का इलाज चल रहा है। सड़क हादसे में जान गंवा बैठे दीपक और विजय कुमार के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। सड़क दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली लेकर पुलिस मुबारकपुर थाना ले आई।

# मायावती ने भतीजे आकाश को फिर उत्तराधिकारी बनाया



लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी बना दिया। साथ ही नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंप दी। आकाश अब पूरे देश में पार्टी का काम देखेंगे। रविवार (23 जून) को बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती ने इसका ऐलान किया।

आकाश भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने मायावती के पैर छुए तो उन्होंने सिर पर हाथ रखा। फिर पीठ थपथपाकर आशीर्वाद दिया। मायावती ने लोकसभा चुनाव के बीच 7 मई यानी 47 दिन पहले आकाश को अपरिपक्व (इम्मैच्योर) बताते हुए पार्टी के सभी अहम पदों से हटा दिया था। लोकसभा चुनाव में हार के बाद मायावती ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पहली बैठक बुलाई। यह 3 घंटे तक चली। मायावती ने इसमें उप-चुनाव समेत आगामी सभी चुनाव लड़ने की बात भी कही। यानी अब यूपी विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप-चुनाव पर भी पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी।

### बिहार के प्रभारी बोले- जहां भी बसपा मजबूत, वहां चुनाव लड़ेंगे

बिहार बसपा के प्रभारी और कोऑर्डिनेटर डॉ. लालजी मेधानकर भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि मायावती ने कहा है कि अब हम उप चुनाव भी लड़ेंगे। सिर्फ यूपी नहीं, देश में जहां भी हम मजबूत हैं, वहां चुनाव लड़ेंगे।

बसपा नेता सरवर मलिक ने बताया- मायावती ने कहा कि क्या हुआ जो हम चुनाव हार गए। संघर्ष करेंगे, फिर चुनाव लड़ेंगे। आकाश आनंद की वापसी हो चुकी है। उन्हें उत्तराधिकारी बनाया है। इस बात पर भी मंथन हुआ कि चुनाव में क्या कमियां रह गईं। वहीं, मुस्लिम वोटर्स पर इस बैठक में कोई बातचीत नहीं हुई।

## शार्ट न्यूज

### के के नामदेव बने नामदेव समाज के युवा जिलाध्यक्ष



ललितपुर। तालाबपुरा स्थित नामदेव समाज मंदिर पर जिलेभर से आये नामदेव समाज के युवाओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी की सर्वसम्मति से के के नामदेव को सभी युवाओं ने नामदेव समाज का युवा जिलाध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया, जिलाध्यक्ष बनाये जाने के बाद सभी युवाओं ने के के नामदेव को फूल मालाएं पहनाकर बधाइयां एवं शुभकामनाएं दींनामदेव समाज के नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष के के नामदेव ने इस अवसर पर नामदेव समाज के विकास एवं उत्थान के लिए हरसम्भव कार्य करने के लिए सभी युवाओं से अपील की, के के नामदेव ने कहा कि जल्द ही पूरे ललितपुर जनपद में नामदेव समाज की एक मजबूत युवा कार्यकारणी का गठन किया जायेगा और भविष्य में कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना तैयार करेंगे।

### पैदल गशत कर कराया सुरक्षा का अहसास



ललितपुर। बानपुर, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निकट पर्यवेक्षण में बानपुर थानाध्यक्ष सियाराम वर्मा द्वारा पुलिस बल के साथ कस्बा बानपुर में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गशत कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा। पुलिस बल द्वारा के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गशत की गयी तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी । थानाध्यक्ष द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान की कार्यवाही की गई ।

### घर से लापता हुई छात्रा, बदहवास हुए परिजन

**महेश सिंह विशाल इंडिया**



लखनऊ। शुक्रवार को पायल कन्नौजिया घर से लापता हो गई जो की पांडेय का तालाब सुलभ शौचालय वाली गली लखनऊ की मूल निवासिनी थी। आपको बता दें पायल कन्नौजिया पुत्री दिलीप कन्नौजिया उम्र लगभग 14 वर्ष है जो की नव युग कन्या विद्यालय राजेंद्र नगर की छात्रा थी। जिसमें ये अपने दो भाइयों सिद्धार्थ व आयुष से बड़ी थी। इनकी माता जी का देहावसान हो गया है ।पिता दिलीप कन्नौजिया प्राइवेट काम करके अपनी बेटी पायल समेत अपने दो और छोटे बच्चों का भरण पोषण करतें है। ये पूरी घटना तब हुई जब शुक्रवार सुबह दिलीप कन्नौजिया घर से कहीं निकल गए थे और शाम को घर वापस आए तो अपने बच्चों से पूछा कि पायल कहां है तो बच्चों ने बताया दीदी सुबह से ही नही हैं बच्चों का यह जवाब सुनकर दिलीप बदहवास हो गए और आनन फानन में हर जगह खोजना शुरू कर दिया और मोहल्ले में लगे सीसी टीवी तक को खंगाल डाला जब काफी खोजबीन के बाद कोई शिनाख्त नहीं लगी तो संबंधित खाला बाजार थाने में जा कर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गईद्य फिलहाल तीन दिन बीत जाने के बाद भी लड़की का पता नहीं चल सका।

### संभल में बिजली कटौती से लोग परेशान

संभल। संभल में बिजली आपूर्ति ठप होने से कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। वहीं लोगों का भी भीषण गर्मी में बुरा हाल है। 10 एमबीए के ट्रांसफार्मर की इनकमिंग केवल में फाल्ट होने से बिजली गुल हो गई और आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ा। लाईट सुबह 06: 18 बजे चली गई, लोग घरों में पानी भी नहीं भर पाए। आपको बता दें कि बीते दिन भी बिजली कटौती से लोग परेशान हुए थे, कई जगह तार बदले जा रहे थे, वहीं 400 केवीए के ट्रांसफार्मर की लीड खराब होने से पूरे दिन लाइट गुल रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कटौती नहीं करने के निर्देश दिए हैं उसके बाद भी भीषण गर्मी में लगातार लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। आज रविवार को टाउन 04 के 10 एमबीए के ट्रांसफार्मर की इनकमिंग लीड में फाल्ट होने के बाद बिजली गुल हो गई, सुबह 06: 18 बजे बिजली चले जाने के बाद लोग सामान्य रूप से अपनी दिनचर्या शुरू कर चुके थे, लेकिन जब लाइट गए हुए काफी समय हुआ तब पता चला कि बिजली घर में कुछ खराबी आई है।

### नकली नोट बनाने वाला एक गिरफ्तार

अलीगढ़। अलीगढ़ में नकली नोट बनाने वाले गैंग के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर की सूचना पर क्वार्सी पुलिस ने स्वॉट और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर दबिश दी और आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में नकली नोट बनाने की सामग्री भी बरामद की है। जिसके बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे कि उसके गैंग के अन्य सदस्यों तक भी पहुंचा जा सके। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जाली नोट बनाने के मामले में क्वार्सी थाने में मुकदमा दर्ज किया है। क्वार्सी पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले आरोपी को इकरा पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी संजीत सिंह पुत्र खजान सिंह मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह सोनीपत के गांव खेरी मानाजाट थाना कुंडली का निवासी है। इंस्पेक्टर क्वार्सी विजय कांत शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना के बाद टीम ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट की कार लेकर इकरा पब्लिक स्कूल से लगभग 50 मीटर आगे खड़ा हुआ था।

### हमीरपुर में अपहरण कर बुजुर्ग की हत्या

राठ, हमीरपुर। हमीरपुर में पेड़ पर एक वृद्ध व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। परिजनों का आरोप है कि अपहरण करने के बाद हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। मृतक व्यक्ति 4 दिन से लगातार जरिया थाना और राठ कोतवाली में चक्कर लगाते हुए संपत्ति हथियाने के लिए विरोधियों से जान का खतरा जता चुका था। परिजनों के अनुसार, पुलिस ने लापरवाही के चलते मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिससे बुलंद हौसलों के साथ दबंगों ने वृद्ध व्यक्ति का अपहरण कर उसकी हत्या कर वारदात को अंजाम दे डाला। जरिया थाना क्षेत्र के पचखुरा गांव के निवासी मूरत सिंह पुत्र मंगल सिंह का शव आज सुबह मुस्करा रोड पर स्थित साईं मंदिर के पास खेतों में लगे नीम के पेड़ पर लटका हुआ मिला। मृतक व्यक्ति के साथ बीते 5 दिन पूर्व संपत्ति के विवाद के चलते उसके परिवार के ही कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी थी। इसके अगले दिन 19 जून को उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारियों को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आधा दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने एवं उसकी हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

# वाराणसी में महिला बंदी ने गला रेतकर जान दी

## कौशांबी से मानसिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था

वाराणसी। वाराणसी में रविवार को मानसिक अस्पताल में महिला कैदी ने चाकू से खुद का गला रेतकर आत्महत्या कर ली। महिला ने रसाई के बाहर रखा चाकू उठाकर खुद पर कई जगह वार किए।

आनन-फानन परिसर से डॉक्टर को बुलाया गया, जिन्होंने उसे मृत घोषित कर दिया। कैंट पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। महिला के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी। पुलिस मानसिक अस्पताल के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

कौशांबी जिला और सत्र न्यायालय के सीजेएम कोर्ट ने एक मामले में अभियुक्त सुषमा देवी को मानसिक अस्पताल ले जाने का आदेश दिया था। सुषमा देवी को 13 अप्रैल 2024 को मानसिक चिकित्सालय पांडेयपुर वाराणसी में भर्ती कराया गया। महिला को एक अलग सेल में पांच बंदियों के साथ रखा गया था, जिसकी अभिरक्षा में दो कर्मी लगे थे। महिला आए दिन खुद को मारने की धमकी देती रही।

### किचन में रखी चाकू से गर्दन रेती

रविवार सुबह 9 बजे बंदियों के लिए किचन में खाना बन रहा था। इसी दौरान किसी बहाने से सुषमा पहुंची। उसे सब्जी काटने वाला चाकू बाहर रखा मिला। महिला ने चाकू उठाया और अन्य बंदियों को डराने लगी।

# कानपुर में 2 जिंदा जले, 20 मिनट तक चीखते रहे

## पिकअप में फंसकर रह गए; पुलिसवाले पॉलिथिन में ले गए हड्डियां

कानपुर। कानपुर में ट्राला और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में ड्राइवर और क्लीनर जिंदा जल गए। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई थी। पिकअप में ड्राइवर-क्लीनर फंस गए। 20 मिनट तक खुद को बचाने के लिए चीखते रहे। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई उनके करीब नहीं जा सका। पुलिस को शव के नाम पर उनकी कुछ हड्डियां मिली हैं।

हादसा रविवार सुबह 5 बजे बिधनू के शम्भूहा पुल का है। हादसे के बाद पुल पर करीब 1 घंटे तक जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दोनों गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थीं।

पुलिस ने वाहनों को पीएनसी की क्रेन की मदद से शम्भूहा पुल से हटाकर



ट्रैफिक बहाल कराया। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र ने बताया- दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। शिनाख्त का प्रयास जारी है।

घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- हादसे के समय हम लोग वहां से गुजर रहे थे। दोनों गाड़ियों की टक्कर के बाद पुल पर रुक गए। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के तुरंत बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। पल-भर में ही आग दोनों गाड़ियों में फैल गई।

### पिकअप में जले हुए 20 हजार रुपए मिले

सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची बिधनू पुलिस ने फायरकर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। क्रेन से पिकअप की केबिन को रस्सी से खींचकर हटाया गया तो ड्राइवर और क्लीनर के शव जले हुए निकले। सिर्फ सीने का हिस्सा जलने से बच गया था। दोनों के हाथ-पैर पूरी तरह जल गए थे। शवों की स्थिति इतनी खराब थी कि पता लगाना मुश्किल है कि ड्राइवर कौन है, और क्लीनर कौन है। पुलिस ने फावड़े से मलबे को हटाया और हड्डियों को पॉलीथिन में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद से ट्राला ड्राइवर लापता है। आशंका है कि हादसे के बाद वह गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस को पिकअप से जले हुए 20 हजार रुपए भी मिले हैं।

पिकअप के अंदर से 2 लोगों के चिल्लाने की आवाज आने लगी। ड्राइवर और क्लीनर शायद बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह गाड़ी में फंस गए थे। वह खुद को बाहर निकालने की कोशिश में चीख रहे थे। लोगों से मदद की गुहार लगा रहे थे। करीब 20 मिनट तक वह चिल्लाते रहे। हम गाड़ियों के पास पहुंचने की हिम्मत नहीं कर पाए। कुछ देर बाद उनकी आवाज आनी बंद हो गई। जिसके बाद हम समझ गए कि दोनों की मौत हो गई है। गाड़ी से मांस के जलने की बदबू भी आ रही थी।

# मेरठ में बीच बाजार युवक की गोली मारकर हत्या

## कार-बाइक में टक्कर के बाद पड़ोसियों में झगड़ा हुआ, आंख और सीने में मारी गोली

मेरठ। मेरठ में शनिवार रात युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। लोहिया नगर थाना के जाकिर कॉलोनी गली नंबर-3 में कार और बाइक की जरा-सी टक्कर के बाद कहासुनी इतनी बढ़ी कि बाइक सवार युवक अपने 7-8 लोगों के साथ हथियार लेकर दौड़ता हुआ आया। आते ही उसने 40 साल के अनीस मलिक पर फायर कर दिए। एक गोली अनीस की आंख और दूसरी गोली उसके सीने में लगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।




### दोनों पक्ष में वर्चस्व की जंग लंबे समय से

जाकिर कॉलोनी गली नंबर-3 में इमरान और अनीस दोनों का परिवार रहता है। इमरान स्क्रैप कारोबारी है। अनीस कपड़े की फेरी लगाता है। दोनों में वर्चस्व की जंग लंबे समय से चल रही है। शनिवार रात अनीस अपने चचेरे भाई फुरकान के साथ कार से घर आ रहा था। जब दोनों लोग अपने घर के पास पहुंचे तभी रास्ते से पड़ोसी इमरान बाइक से अपने घर जा रहा था। रास्ते में इमरान की बाइक अनीस की कार से टकरा गई और झगड़ा शुरू हो गया।

बाइक टकराने के बाद इमरान ने अनीस के साथ गाली-गलौज शुरू कर दिया। विवाद बढ़ा और अनीस भी कार से उतरकर नीचे आ गया। दोनों में झगड़ा होने लगा। झगड़े के बाद इमरान अपने घर चला गया।

थोड़ी देर बाद ही इमरान घर से तमंचा लेकर बाहर सड़क पर भागता हुआ आया। इमरान के साथ उसका सगा भाई फरमान, शाद और चचेरे भाई इरशाद, फुरकान, आमिर, रिजवान, इरफान कुल 8 लोग मिलाकर बाहर हथियार लेकर भागते हुए आए। इन लोगों ने बाहर आकर अनीस पर फायर झोंक दिए। बताया जा रहा है कि इमरान उसके भाइयों ने मिलकर 10 से 12 राउंड फायर किए।

# बरेली में फायरिंग करने वाला शूटर एनकाउंटर में घायल

बरेली। बरेली में सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग करने वाले एक आरोपी को एनकाउंटर के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सीओ अनीता सिंह ने बताया- शनिवार रात दो बजे अडुपुरा मोड़ के पास पुलिस ने बदमाश ललित सक्सेना को रोकने की कोशिश की। वह फायर करते हुए भागने लगा। जवाब में पुलिस ने गोली चलाई, जो ललित के पैर में लगी।

बरेली में शनिवार सुबह 7 बजे सड़क पर 30 मिनट तक फायरिंग हुई थी। गनीमत रही कि गैंगवार जैसी वारदात में किसी राहगीर को गोली नहीं लगी। गोलीकांड के वीडियो सामने



आए तो शासन हरकत में आया। शाम तक 6 पुलिसवाले सस्पेंड कर दिए गए। पूरा मामला एक दुकान पर कब्जे को लेकर था। बिल्डर राजीव राणा और मार्बल कारोबारी आदित्य उपाध्याय के गुर्गे आमने-सामने आए थे। दो एफआईआर लिखी गई है। भाजपा के पूर्व विधायक पप्पू भरतौल समेत 195 पर केस दर्ज हुआ है।

# रायबरेली : गंगा में डूबे युवकों के शव बरामद

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के गदागंज इलाके में गंगास्नान को गए और सेल्फी लेने के चक्कर मे नदी में डूबे दो लड़को के शव आज सुबह बरामद किए गए ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर तीन युवक गंगा नदी में स्नान करने गए थे। सेल्फी लेने के चक्कर मे तीनों मो़ तौहीद (18) मो़ फहाद (20) और मो़ शान (21) नदी में डूबने लगे। इन युवकों में केवल फहाद ही बच सका, शेष दो लापता लड़कों के शव आज सुबह गोताखोरों की मदद से बरामद हुए है।

बताया गया कि मो़ शान दिल्ली का रहनेवाला था और अपने मामा उस्मान के घर आया था।

यह तीनो लोग दोपहर को करीब चार गंगा स्नान के पर्व पर नदी में नहाने गए थे। स्नान के दौरान सेल्फी लेने के चक्कर मे तीनो तेज़ बहाव में चले गए और डूबने लगे।

इसमें से केवल फहाद ही किसी तरह से तैर कर बच निकला शेष दो लड़के नदी की तेज धारा में लापता हो गए।

जब पुलिस को सूचना मिली तो तत्काल ही स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर दोनों लापता युवकों की तलाश में जुट गई।

शनिवार को दोनो लापता युवकों का कोई पता नही चला मगर आज सुबह घटनास्थल से करीब 500 मीटर और एक किलोमीटर की परिधि में दोनो लापता युवकों के शव एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिए।

पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करके दोनों मृतको के शव उनके परिजनों को सौंप दिए हैं।

## दीवार गिरने से एक बालिका की मौत

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी क्षेत्र में हैंडपंप पर पानी पीते समय दीवार गिरने से एक बालिका की मौत हो गयी है जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि जिले के चौरी थाना क्षेत्र के भकोड़ा गांव में शनिवार की रात में हैंड पंप पर पानी पीते समय पड़ोसी के मकान की दीवार भर भराकर गिर गई। जिसकी जद में आने से एक बच्ची की मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गयी है। बताया जाता है कि भकोड़ा गांव निवासी राजकुमार गौतम की बेटी नैना (7) व आल्हा की बेटी श्रद्धा (10) घर के पास स्थित हैंडपंप पर पानी पीने गई थी। इस दौरान अचानक पड़ोसी के मकान के दूसरे मंजिल पर बनी दीवार बच्चियों के ऊपर गिर पड़ी, जिससे दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्चियों को आनन फानन में परिजन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने नैना को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल श्रद्धा का इलाज चल रहा है।

# इंडिया गठबंधन दस विधानसभा सीटों के उप चुनाव मिलकर लड़ करेगा जीत हासिल : शिवपाल

इटावा । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने रविवार को दावा किया कि संसदीय चुनाव की तरह ही उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के उपचुनाव में भी इंडिया गठबंधन मिलकर तो लड़ेगा साथ ही सभी दस सीटों को जीत कर रिकॉर्ड भी बनायेगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने आज अपने गृह जिले इटावा में एक होटल का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संसदीय चुनाव में इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश में मिली खासी कामयाबी से बेहद उत्साहित है, इस कामयाबी के चलते समाजवादी पार्टी और सहयोगी कांग्रेस दल के कार्यकर्ता बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्साह आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में होने वाले 10 विधानसभा सीटों के उपचुनाव पर भी व्यापक पैमाने पर नजर आएगा।



यादव ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की छोड़ी हुई मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी और समाजवादी पार्टी इस विधानसभा सीट पर रिकार्ड मतों से न केवल जीत हासिल करेगी बल्कि विपक्षी दलों की जमानत भी जप्त कर देगी।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेगा ऐसा भरोसा हमको इसलिए है क्योंकि इंडिया गठबंधन को संसदीय चुनाव में खासी तादात में सीटे हासिल हुई है अब संसद में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दल अपनी मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष से जुड़े हुए सामान को लेकर के समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ नेता मिल करके आम सहमति के बाद घोषित करेंगे।

नीट परीक्षा को लेकर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सरकार जांच में देरी कर रही है, जब पर्चा लीक हुआ था तभी जांच करा कर दंडित किया जाना चाहिए था लेकिन सरकार आरोपियों को बचाने के चक्कर जांच में ढिलाई बरतने में जुटी हुई है।

